13 सितंबर, 2025 (शनिवार) को महाविद्यालय में आयोजित हिंदी दिवस समारोह का प्रतिवेदन

लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय, सरस्वती नगर में 13 सितंबर 2025, शनिवार को हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम मेहता मुख्य अतिथि के रूप में तथा हिंदी विभाग की सेवानिवृत्त प्राध्यापिका डॉ. निर्मला चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आरंभ एवं अतिथियों का स्वागत हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉ. योगिता बन्दटा ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिताएँ एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण एवं नारा लेखन प्रतियोगिता तथा कथा वाचन प्रतियोगिता सम्मिलित थीं। इसके अतिरिक्त शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गीत, लोकनृत्य, लोकगीत एवं कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे-

पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया रमसेठ (स्नातकोत्तर हिंदी तृतीय सत्र), द्वितीय स्थान महक चंदेल (बी.ए. तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान प्रिया ठाकुर (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारस बुशहरी (बी.ए. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान ओशीन नेपटा (बी.ए. प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान निकिता सोनी (बी.ए. प्रथम वर्ष) रहीं।

कथा वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता सोनी (बी.ए. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान आंचल शर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान अमित (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ. पूनम मेहता ने हिंदी भाषा की महत्ता पर विस्तृत वक्तव्य प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. निर्मल चौहान ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा हिंदी के संवर्धन एवं संरक्षण पर प्रकाश डाला। अंत में कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग अध्यक्षा डॉ. योगिता बंदटा द्वारा प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का औपचारिक समापन हुआ।

Principal
Degree College
Saraswati Nagar Distt. Shimla H.P.
D.D.O-214

डॉ योगिता बंदटा

अध्यक्षा

हिंदी विभाग